अमर उजाला

वाराणसी ■ बुधवार, 3 अप्रैल 2019

# डरेंगे नहीं, मनचलों को सबक जरूर सिखाएंगे

## एसएमएस कैंपस में 'अपराजिता : 100 मिलियन स्माइल्स' की कार्यशाला में छात्राओं ने लिया संकल्प

अमर उजाला ब्यूरो

**वाराणसी।** सड़क पर, कॉलेज या घरों में छेड़खानी और दुर्व्यवहार करने वाले मनचलों को सबक सिखाकर ही रहेंगे। न तो किसी से डरेंगे और न सहेंगे। मनचलों को सबक सिखाएंगे। यह संकल्प अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स की ओर से मंगलवार को खुशीपुर स्थित स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) में आयोजित सेल्फ डिफेंस कार्यशाला में छात्राओं ने लिया।

संस्थान के रजिस्ट्रार संजय गुप्ता की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में मानव एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट्स की टीम में दिव्या, अनीता ने छात्राओं को आत्मरक्षा के बारे में प्रशिक्षित किया। वोडाफोन सखी के सहयोग से कराई जा रही कार्यशाला में पंच बांधने से लेकर मुंह पर किक मारने के साथ ही अलग-अलग क्रियाओं के माध्यम से यह बताया गया कि अगर कोई

अपराजिता 100 MILLION SMILES

वोडाफ़ोन सखी

मनचला राह चलते छेड़खानी करे या मारपीट करने की कोशिश करे तो उससे डरे नहीं बल्कि डटकर मुकाबला करें।

कार्यशाला में छात्राओं को वोडाफोन सखी सेवा के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसमें बताया गया कि बैलेंस या इंटरनेट कनेक्शन के बिना लोकेशन अलर्ट भेजा जा सकता है। बिना नंबर शेयर किए मोबाइल को रिचार्ज भी किया जा सकता है। फ्री 10 मिनट जिसका प्रयोग अपने रजिस्टर्ड इमरजेंसी नंबर को कॉल करने में



अमर उजाला अपराजिता और वोडाफोन सखी के तहत आयोजित कार्यशाला में शामिल छात्राएं। अमर उजाला

किया जा सकता है। इस सर्विस को एक्टिवेट कराने के लिए वोडाफोन महिला ग्राहक (प्रीपेड और पोस्टपेड) टोल फ्री नंबर 1800-123-100 पर कॉल कर सकती हैं।